an>

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन मामले सभा पटल पर रखे जाएं ।

…(व्यवधान)

Title: Regarding need to provide stoppage of various trains at Tilhar Railway Station in Shahjahanpur, Uttar Pradesh and also improve railway facilities at the station-Laid

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद शाहजहाँपुर (उ०प्र०) की तहसील तिलहर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा हेतु कुछ निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव होना नितान्त आवश्यक है एवं साथ ही तिलहर रेलवे स्टेशन पर जनहित में निम्नलिखित मूलभूत कार्य कराये जाने भी अति आवश्यक है:

- ट्रेन संख्या 14207 प्रतापगढ़- पुरानी दिल्ली पदमावत एक्सप्रेस का रेलवे स्टेशन तिलहर पर ठहराव (स्टॉपेज) दिया जाए ।
- ट्रेन संख्या 14208 पुरानी दिल्ली- प्रतापगढ़ पदमावत एक्सप्रेस का रेलवे स्टेशन तिलहर पर ठहराब (स्टॉपेज) दिया जाए ।
- ट्रेन संख्या 14369 सिंगरौली-बरेली त्रिवेणी एक्सप्रेस का रेलवे स्टेशन तिलहर पर ठहराव (स्टॉपेज) दिया जाए ।
- ट्रेन संख्या 14370 बरेली-सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस का रेलवे स्टेशन तिलहर पर ठहराव (स्टॉपेज) दिया जाए ।
- तिलहर रेलवे स्टेशन की डभीरा क्रासिंग पर रेल ओवर ब्रिज का निर्माण होना ।
- तिलहर रेलवे स्टेशन पर कोच गाइडेंस सिस्टम की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ।

. रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर पीने योग्य पानी हेतु वाटर कूलर लगवाए जाएं तथा यात्री शेड की व्यवस्था की जाए ।

. रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर फर्श का पुननिर्माण कराया जाए ।

. रेलवे स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए यात्रियों की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए एक अतिरिक्त फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य ।

). रेलवे स्टेशन का सौन्दर्यीकरण का कार्य, बैठने हेतु सीटों की व्यवस्था, उचित लाइटों की व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए ।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि जनहित में तिलहर रेलवे पर उपरोक्त ट्रेनों के ठहराव एवं मूलभूत सुविधायें प्रदान किए जाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जाए ।

धन्यवाद सहित ।